भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
करनाल–132001

हिन्दी पखवाड़ा शुभारम्भ समारोह रिपोर्ट

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल में 14 से 28 सितम्बर 2023 के मध्य हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 14 सितम्बर 2023 को हिन्दी पखवाडे का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. श्रवण कुमार दुबे, एमेरिटस वैज्ञानिक, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। हिन्दी पखवाड़ा समिति के अध्यक्ष डा. कैलाश प्रजापत ने हिन्दी के महत्व को बताते हुए राजभाषा के नियमों व अधिनियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण दिया।

हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डा. श्रवण कुमार दुबे ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक सिनेमा, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया में हिन्दी का प्रभाव बढ़ा है। हमें अपनी भावनाएं हिन्दी को माध्यम बनाकर व्यक्त करनी चाहिए। इस संस्थान में हिन्दी में काफी कार्य हो रहा है। हम आजादी का अमृत काल मना रहे हैं। हमें अपने रोज के कार्य में हिन्दी को महत्व देना चाहिए और सहज और सरल हिन्दी भाषा में संवाद करें। इससे पूर्व संस्थान के कार्यकारी निदेशक डा. सतीश कुमार सनवाल ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और बताया कि स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात 14 सितम्बर, 1949 को यह निर्णय लिया गया था कि राज–काज में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग 15 वर्ष तक होगा। आज गूगल व याहू आदि वेबसाइटों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ रहा है। भारतीय नेता विदेशों में जाकर विश्व मंच पर हिन्दी में भाषण देते हैं। हमें अपने दैनिक कार्य हिंदी में अधिक से अधिक करने चाहिए।

इस अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता का संचालन डा. अवनी, वैज्ञानिक (कृषि जैव प्रौद्योगिकी) ने किया जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया तथा हिन्दी के महत्व, देशभक्ति तथा सामाजिक सुधार से संबंधित विषयों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभी प्रभागाध्यक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, संस्थान के समस्त वैज्ञानिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के अन्त में डा. राम किशोर फगोडिया, वैज्ञानिक (पर्यावरण विज्ञानं) ने सभी को धन्यवाद प्रस्तुत किया।

हिन्दी पखवाड़ा
14-28 सितम्बर, 2023
भाकृअनुप-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल-132001 (हरियाणा)
हिन्दी पखवाड़ा
14-28 सितम्बर, 2023

हिन्दी पखवाड़ा
14-28 सितम्बर, 2023
भाकृअनुप-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल-132001 (हरियाणा)
हिन्दी पखवाड़ा
14-28 सितम्बर, 2023
भाकृअनुप-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान

14-28 सितम्बर,
संस्थान,